05.

विविध

1. **निम्नांकित में से किन्हें परवन बृहद परियोजना से सिंचाई सुविधा मिलेगी?**
   (a) बूंदी, कोटा और बारां जिलों के 535 गाँवों को
   (b) झालावाड़, बारां और कोटा जिलों के 637 गाँवों को
   (c) झालावाड़, बूंदी और कोटा जिलों के 637 गाँवों को
   (d) प्रतापगढ़, झालावाड़ और कोटा जिलों के 535 गाँवों को

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : परवन बृहद परियोजना राजस्थान के झालावाड़ जिले में परवन नदी पर निर्मित की जा रही है। इस परियोजना के माध्यम से झालावाड़, बारां एवं कोटा जिलों के लगभग 637 गाँवों को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इस परियोजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना, विद्युत उत्पादन करना तथा सिंचाई सुविधा की उपलब्धता प्रदान की जायेगी। परवन नदी मध्यप्रदेश के विंध्य पर्वत श्रृंखला से निकलती है। यह राजस्थान में झालावाड़ के मनोहर थाना से प्रवेश करती है।

2. **भूजल प्रबंधन के लिए, हेली-बोर्न सर्वेक्षण तकनीक का प्रारंभ राजस्थान के किस जिले में किया गया है?**
   (a) भरतपुर (b) जोधपुर
   (c) कोटा (d) जयपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : राजस्थान में भूजल-प्रबंधन के लिए अत्याधुनिक हेली-बोर्न सर्वेक्षण तकनीक का शुभारंभ जोधपुर जिले में किया गया। इस तकनीक का उद्देश्य जल की कमी वाले शुष्क क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संभावित भूजल स्त्रोतों एवं इसके प्रबंधन का मानचित्रण करना है।

3. **निम्नलिखित में कौन सा कथन असत्य है?**
   (a) राजस्थान में मुख्यमंत्री सहित 30 मंत्री हो सकते हैं।
   (b) राजस्थान के सभी मंत्री कैबिनेट मंत्री है।
   (c) कैबिनेट में महत्वपूर्ण विभाग होते हैं।
   (d) राजस्थान सरकार में वर्तमान में कोई भी उपमंत्री नहीं है।

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : संविधान के अनुच्छेद 163 के अनुसार, राज्यपाल को परामर्श देने हेतु एक मंत्रीपरिषद होगी जिसका प्रधान मुख्यमंत्री होता है। मुख्यमंत्री की मंत्रीपरिषद में कैबिनेट मंत्री एवं राज्यमंत्री शामिल होते हैं। राजस्थान में मुख्यमंत्री सहित 30 मंत्री हो सकते हैं। राजस्थान में विधान सभा सदस्यों की कुल संख्या 200 है 91वें संविधान संशोधन अधिनियम 2003 द्वारा मंत्रीपरिषद में मुख्यमंत्री सहित विधान सभा सदस्यों की कुल संख्या का 15% से अधिक नही हो सकता है।

4. **निम्नलिखित युद्धों में से, उनके लड़े जाने के वर्ष के अनुसार पहले से आखिरी तक सही क्रम को चुनिए-**
   (1) गागरोन का युद्ध (2) सारंगपुर का युद्ध
   (3) बयाना का युद्ध (4) मावली का युद्ध
   सही विकल्प चुनें -
   (a) 2, 4, 3, 1 (b) 2, 1, 3, 4
   (c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 3, 2, 4

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : निम्न युद्धों का सही क्रम -

युद्ध	-	वर्ष
सारंगपुर का युद्ध (राणाकुंभा एवं महमूद खिलजी के मध्य)	-	1737 ई.
गागरोन का युद्ध (राणा सांगा एवं महमूद खिलजी)	-	1519 ई.
बयाना का युद्ध (राणासांगा एवं बाबर)	- -	1527 ई.
मावली का युद्ध (उदय सिंह एवं बनवीर)	-	1540 ई.

5. **राजस्थान की पहली जनजाति बालक हॉकी अकादमी कहाँ स्थापित की गई है?**
   (a) डूंगरपुर में (b) कोटा में
   (c) उदयपुर में (d) भीलवाड़ा में

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : राजस्थान की पहली जनजाति बालक हॉकी अकादमी उदयपुर में स्थापित की गयी। जिसकी घोषणा जुलाई, 2021 में की गयी थी। उदयपुर के खेलगाँव में तैयार किये गये एकेडमी में 40 बालक एवं 30 बालिकाओं को अशोक ध्यानचंद के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

6. **निम्नलिखित में से कौन सा युग्म (राजनीतिक कार्यकर्त्ता - संबंधित रियासती राज्य) सुमेलित नहीं है?**
   (a) मीठालाल व्यास - जैसलमेर
   (b) भूपेन्द्रनाथ त्रिवेदी - कोटा
   (c) किशनलाल जोशी - भरतपुर
   (d) पंडित हरिनारायण शर्मा - अलवर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C